web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 22 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 203

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एयर इंडिया की दुबई-दिल्ली उड़ान में हुई घटना की जांच कर रहा है डीजीसीए

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विमानन नियामक डीजीसीए 27 फरवरी को एयर इंडिया की दुबई-दिल्ली उड़ान के दौरान एक पायलट के महिला मित्र को कॉकपिट में जाने की अनुमति देने की जांच कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए एयरलाइन भी जांच कर रही है। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि एयरलाइन यात्रियों की सुरक्षा और देखभाल से संबंधित पहलुओं में कमी को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और इस घटना के संबंध में जरूरी कार्रवाई करेगी। खबरों के मुताबिक यह घटना 27 फरवरी को हुई थी और दुबई-दिल्ली उड़ान के चालक दल के एक सदस्य ने नागर उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से शिकायत की थी। डीजीसीए के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि नियामक मामले की जांच कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि जांच दल तकनीकी और सुरक्षा के नजरिए से प्रासंगिक तथ्यों की जांच करेगा। उड़ान के पायलट ने एक महिला मित्र को कॉकपिट में जाने की अनुमति दी थी।

### चलती ट्रेन के आगे कूदकर अपनी बेटी के साथ दंपति ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**टीकमगढ़ (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में शुक्रवार को एक दंपति और उनकी किशोरी बेटी ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने बताया कि यह घटना आज सुबह जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर खरगापुर रेलवे स्टेशन के पास हुई . खरगापुर थाने के उपनिरीक्षक नीतेश जैन ने बताया, ऐसा प्रतीत होता है कि टीकमगढ़ के इन तीनों निवासियों ने वित्तीय संकट के चलते आत्महत्या की है. हालांकि, घटना की जांच से उनकी आत्महत्या के पीछे के सही कारण का पता चलेगा. उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान लक्ष्मण (35), रजनी (32) और उनकी 13 वर्षीय बेटी के रूप में हुई है. जैन ने कहा कि परिवार के पास एक छोटा सा खेत था, जो उनके लिए जीविकोपार्जन के लिए पर्याप्त नहीं था...लेकिन पुलिस सभी कोणों से इस घटना की जांच कर रही है. उन्होंने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है.

### दक्षिण कोरिया के तट पर मछली पकड़ने वाली रूसी नाव में लगी आग, 4 लापता

**सोल।** दक्षिण कोरिया के तटीय शहर उल्सान के पास 25 लोगों को ले जा रही एक रूसी नौका में शुक्रवार को आग लग गई, जिससे चार लोग लापता हो गए। तटरक्षक अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि 769 टन वजनी जहाज सोल से करीब 300 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में उल्सान के पानी में 100 टन सीफूड लेकर रूस की ओर जा रहा था, तभी आग लग गई। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि चालक दल के सभी सदस्य रूसी थे। संकट की सूचना मिलने के बाद, तटरक्षक बल ने बचाव जहाजों को घटनास्थल पर भेजा, लेकिन चालक दल के चार सदस्य लापता हो गए। अन्य 21 को बचा लिया गया, जिनमें से 19 को कोई चोट नहीं आई। दो को मामूली चोटें आई हैं। बचाव कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए, दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसने आग बुझाने के लिए एक परिवहन विमान भेजा।

## मुख्यमंत्री आज माता कौशल्या महोत्सवका करेंगे शुभारंभ

- भगवान राम के ननिहाल चंदखुरी में आयोजित किया जा रहा है महोत्सव
- मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस पर कौशल्या महोत्सव मनाने की घोषणा की थी
- तीन दिवसीय कौशल्या महोत्सव में भक्तिमय गीत संगीत भजन का होगा भव्य आयोजन
- सुप्रसिद्ध गायिका कविता पौडवाल और रमिंदर खुराना जैसे जाने-माने कलाकार देंगे प्रस्तुति

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 22 अप्रैल को चंदखुरी में तीन दिवसीय माता कौशल्या महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। कौशल्या माता महोत्सव 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आरंग विधानसभा क्षेत्र के चंदखुरी में आयोजित होगा। महोत्सव



के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत करेंगे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री एवं रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया एवं समस्त मंत्रीगण, सांसदगण, संसदीय सचिव, विधायकगण, निगम मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा माता कौशल्या की जन्मभूमि चंदखुरी के वैभव को विश्व पटल पर स्थापित करने प्रदेश की कला, संस्कृति एवं पर्यटन को बढ़ावा देने एवं महिला सशक्तिकरण, कार्यशील कलाकारों के संरक्षण, संवर्धन एवं कला दलों के सतत् विकास हेतु माता कौशल्या महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में स्थित यह कौशल्या माता का एक मात्र मंदिर है।

महोत्सव के पहले दिन 22 अप्रैल से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में माधुरी महिला मानस मंडली, गरियाबंद की पुष्पांजलि सिन्हा, राम की शक्ति पूजा वाराणसी के व्योमेश शुक्ला और मुम्बई की सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री कविता पौडवाल द्वारा भक्तिमय गीत-संगीत भजन प्रस्तुति दी जाएगी।

महोत्सव के दूसरे दिन 23 अप्रैल को वीणा वादिनी मानस परिवार, भाटापारा से वीणा साहू ,हरि दर्शन मानस मंडली जांजगीर-चांपा से देवेंद्र कुमार श्रीवास ,दंतेवाड़ा से ज्ञान गंगा मानस परिवार के कुशल सिंह साहू , मुंबई की सुश्री रविंदर खुराना भक्तिमय शास्त्रीय नृत्य नाटिका और प्रभंजन चतुर्वेदी भिलाई भक्तिमय गीत संगीत भजन कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे।

23 अप्रैल को महोत्सव के दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री एवं रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया एवं समस्त मंत्रीगण, सांसदगण, संसदीय सचिव, विधायकगण, निगममंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष शामिल होंगे।

महोत्सव के तीसरे दिन 24 अप्रैल को प्रज्ञा महिला मानस परिवार, कुरूद सिलयारी की कुमुदिनी चंद्रवंशी ,श्री देवेश शर्मा रायगढ़ भक्तिमय गीत संगीत भजन और मुंबई की सुश्री तृप्ति शाक्य भक्तिमय गीत संगीत भजन की प्रस्तुति देंगे।

24 अप्रैल को महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत करेंगे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री एवं रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया एवं समस्त मंत्रीगण, सांसदगण, संसदीय सचिव, विधायकगण, निगममंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष शामिल होंगे।

## दिल्ली के साकेत कोर्ट में दिनदहाड़े गोलीबारी, गवाही देने आई महिला को पति ने मारी गोली



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के साकेट कोर्ट में दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि कोर्ट में गवाही देने आई एक महिला पर उसके पति ने हमला कर दिया। महिला को एक के बाद लगातार 4 गोलियां लगी हैं। फिलहाल महिला को गंभीर अवस्था में एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला के अपने पति के साथ संबंध अच्छे नहीं थे। पति-पत्नी के बीच किसी विवाद को लेकर पहले से कोर्ट में केस चल रहा था। इसी संबंध में महिला आज गवाही देने कोर्ट पहुंची थी। तभी हमलावर पति वकील की ड्रेस पहनकर कोर्ट में पहुंचा और लॉयर्स ब्लॉक के पास आकर महिला पर हमला कर दिया। फिलहाल मामले की जांच में दिल्ली पुलिस जुटी हुई है।

**हमले से पहले की थी रेकी-** रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि हमलावर ने पहले से कोर्ट परिसर की रेकी कर रखी थी। उसे पूरे कोर्ट परिसर की जानकारी थी। हमलावर ने बेहद करीब से महिला को गोली मारी। पुलिस को अंदेशा है कि या तो हमलावर ने कोर्ट परिसर में पहले से ही हथियार छुपा रखा था या वकील की ड्रेस पहनने की वजह से सुरक्षाकर्मियों ने उसकी जांच नहीं की। फिलहाल पुलिस हर एंगल से घटना की जांच कर रही है।

## स्वास्थ्य मंत्रालय देश भर में तैयार करेगा 100 फूड स्ट्रीट्स, राज्यों को निर्देश जारी



**नई दिल्ली (आरएनएस) ।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर देशभर के 100 जिलों में 100 फूड स्ट्रीट बनाने का निर्देश दिया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह पहल एक पायलट परियोजना के तहत की जा रही है, जिसका मकसद देश में स्वच्छ और सुरक्षित खाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने के वास्ते ऐसे अन्य फूड स्ट्रीट के विकास के लिए उदाहरण पेश करना और खाने से होने वाली बीमारियों में कमी लाकर लोगों का बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है।

राज्यों को लिखे पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण और आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन तक आसान पहुंच महत्वपूर्ण है। सुरक्षित खाद्य अभ्यास न केवल सही खाओ अभियान और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय खाद्य व्यवसायों की स्वच्छता विश्वसनीयता में सुधार करेंगे, स्थानीय रोजगार, पर्यटन और बदले में अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगे। यह एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण की ओर भी ले जाता है।

## पुंछ हमले में शामिल थे 7 आतंकी, दो गुटों में बंटकर बनाया था अटैक का प्लान

**पुंछ (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों ने गुरुवार को एक कायराना हमला किया, जिसमें भारतीय सेना के 5 जवान शहीद हुए। भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के जवान आतंकियों की तलाश में छापेमारी कर रहे। इस बीच सूत्रों ने दावा किया कि इस हमले में 7 आतंकी शामिल थे।



**सैन्य वाहन पर आतंकी हमले की एनआईए ने शुरू की जांच, घटनास्थल से सबूत जुटाए-** जम्मू-पुंछ राजमार्ग पर संगयोट क्षेत्र में गुरुवार को सैन्य वाहन पर हुए आतंकी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुरू कर दी है। शुक्रवार को टीम ने पूरे घटनास्थल का दौरा किया और सबूत जुटाए। इस आतंकी हमले में पांच सैनिक शहीद हुए हैं तथा एक अन्य घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राजौरी-पुंछ राजमार्ग पर संगयोट इलाके में गुरुवार को आतंकी हमले में पांच जवानों के शहीद होने के बाद आज आतंकवादियों की धर-पकड़ के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया है। आतंकियों की तलाश में ड्रोन से भी मदद ली जा रही है। घटनास्थल के आसपास इलाकों में चल रहे अभियानों में सेना तथा पुलिस के उच्च अधिकारी भी मौजूद हैं। हमले के दूसरे दिन आज मौके पर एनआईए की टीम पहुंची और घटनास्थल की जांच की।

**पुंछ हमले के बाद एक्शन में इंडियन आर्मी, ड्रोन-स्निफर डॉग कर रहे आतंकियों की तलाश-एनआईए ने संभाली जांच-** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना की गाड़ी पर आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने बाटा-डोरिया क्षेत्र के घने जंगलों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। इस आतंकी हमले में गाड़ी में सवार भारतीय सेना के 5 जवानों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी और 8 सदस्यीय फोरेंसिक टीम पुंछ रवाना हो गई है। ये टीमें दोपहर तक घटनास्थल भीमबेर गली इलाके में पहुंचेंगी और इलाके का दौरा करेंगी।

अधिकारियों ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर कड़ी चौकसी के बीच सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद भीमबेर गली-पुंछ मार्ग पर यातायात रोक दिया गया है और लोगों को मेंढर के रास्ते पुंछ जाने की सलाह दी गयी है।

## सूडान की स्थिति पर करीबी नजर रखें, भारतीयों की आकस्मिक निकासी योजना करें तैयार : प्रधानमंत्री

- सूडान में फंसे भारतीयों की स्थिति की समीक्षा के लिए पीएम मोदी ने की उच्च स्तरीय बैठक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंसा प्रभावित सूडान में भारतीयों से संबंधित स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने, घटनाक्रम पर करीब से नजर रखने और भारतीयों की सुरक्षा का लगातार मूल्यांकन करने व उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक मोदी ने अधिकारियों को तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य और विभिन्न विकल्पों की व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी योजनाओं को तैयार करने का भी निर्देश दिया.

बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सूडान में भारत के राजदूत, वायु सेना और नौ सेना के प्रमुख, विदेश और रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के अलावा वरिष्ठ राजनयिक डिजिटल तरीके से शामिल हुए. जयशंकर वर्तमान में गुयाना के दौरे पर हैं.पीएमओ ने कहा कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को सूडान की ताजा स्थिति से अवगत कराया गया और जमीनी स्थितियों की समीक्षा की गई.



बैठक में वर्तमान में सूडान में रह रहे करीब 3,000 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है.प्रधानमंत्री ने पिछले सप्ताह गोली लगने से घायल हुए एक भारतीय नागरिक की मौत पर शोक व्यक्त किया. पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने, घटनाक्रम पर करीब से नजर रखने और सूडान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का लगातार मूल्यांकन करने और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया.

उसने कहा कि प्रधानमंत्री ने तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य और विभिन्न विकल्पों की व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए आकस्मिक निकासी योजनाओं को तैयार करने का भी निर्देश दिया. प्रधानमंत्री ने सूडान के साथ साथ इस क्षेत्र के उन पड़ोसी देशों के साथ भी घनिष्ठ संपर्क बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया जहां भारतीयों की संख्या अधिक है.सूडान की राजधानी खार्तूम सहित देश के अन्य हिस्सों में हुई हिंसा में एक भारतीय समेत 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है. यह संघर्ष देश के सैन्य नेतृत्व के भीतर ताकत के संघर्ष का सीधा परिणाम है. देश में सूडान की नियमित सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आएसएफ) नामक अर्द्धसैन्य बल के बीच टकराव के कारण यह हिंसा हुई है. भारत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि सूडान में स्थिति बहुत तनावपूर्ण है और वह भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब एवं मिस्र सहित विभिन्न देशों के साथ करीबी समन्वय कर रहा है.

## अमेरिका में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या, आंध्र प्रदेश का रहने वाला था छात्र

**ओहियो।** अमेरिका में भारतीय छात्र की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, आंध्र प्रदेश का रहने वाला 24 साल का सैयश वीरा, जो अमेरिका में रहकर मास्टर्स की पढ़ाई कर रहा था, उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सैयश वीरा, अमेरिका के ओहियो के कोलंबस में रहता था और अमेरिकी समयानुसान गुरुवार शाम को उसे एक पेट्रोल पंप के पास गोली मार दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, आंध्र प्रदेश के रहने वाले 24 वर्षीय सैयश वीरा को गुरुवार की सुबह गैस स्टेशन पर एक डकैत ने गोली मारकर हत्या दी गई।

वहीं, हत्यारे की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है। और कोलंबस पुलिस को स्थानीय समयानुसार 12 बजकर 50 मिनट पर छात्र को गोली मारने की घटना के बारे में फोन पर जानकारी मिली थी। रिपोर्ट में कहा गया है, कि उन्हें सूचित किया गया था कि फ्रेंकलिन्टन में 1000 वेस्ट ब्रॉड स्ट्रीट पर शेल गैस स्टेशन के एक कर्मचारी को डकैती के प्रयास के दौरान गोली मार दी गई थी। हालांकि सैयश को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वह नहीं बचा और स्थानीय समयानुसार 1.27 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा, कि वे स्टोर से सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं और संदिग्ध की तस्वीरें जारी की हैं। सैयश वीरा की हत्या की खबर मिलने के बाद उसके घर और दोस्तों में सदमे की लहर फैल गई है।

## मन की बात के 100 एपिसोड पूरे होने पर केंद्र सरकार जारी करेगी 100 रुपए का सिक्का

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पॉपुलर रेडियो शो 'मन की बात' के 100 एपिसोड पूरे होने वाले हैं। इस मौके पर सरकार 100 रुपये का सिक्का जारी करेगी। बता दें कि सिक्के पर 'मन की बात 100' लिखा होगा । इसके अलावा, सिक्के पर माइक्रोफ़ोन भी बना होगा और 2023 अंकित होगा। बता दें कि 100 वां एपिसोड 30 अप्रैल को प्रसारित होगा।

सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, 100 रुपये के सिक्के की गोलाई 44 मिलीमीटर की होगी। इसमें चार धातुओं – रजत, तांबा, निकिल और जस्ता का मिश्रण होगा। इसके अलावा, इस सिक्के के अग्र भाग के मध्य में अशोक




स्तम्भ का सिंह होगा और इसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा होगा । साथ ही सिक्के के किनारे पर भारत और अंग्रेजी में इंडिया लिखा होगा। शीर्ष के नीचे ? चिह्न होगा तथा 100 अंकित होगा।

वहीं सिक्के के दूसरी तरफ मन की बात की 100 वां एपिसोड का प्रतीक चिह्न होगा। जिसमें ध्वनि तरंगों के साथ माइक्रोफोन भी बना होगा । माइक्रोफोन के फोटो के ऊपर और नीचे में हिंदी में क्रमश: 'मन की बात 100' और अंग्रेजी में 'मन की बात 100' लिखा होगा। सिक्के के वजन की बात करें तो इसका कुल वजन 35 ग्राम होगा।

प्रधानमंत्री के 'मन की बात' के 100 एपिसोड के लिए बीजेपी ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी ने एक लाख से अधिक बूथ बनाए हैं, जहां इस कार्यक्रम का प्रसारण सुनने को मिलेगा। साथ ही पार्टी चाहती है कि 100वें एपिसोड का प्रसारण दुनियाभर में किया जाए। बीजेपी का कहना है कि पीएम मोदी की लोकप्रियता पूरी दुनिया में है, इसलिए इसे प्रोग्राम को दुनिया भर में प्रसारित किया जाना चाहिए।

## विंग कमांडर दीपिका मिश्रा वीरता पुरस्कार पाने वाली आईएएफ की पहली महिला अफसर बनीं

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विंग कमांडर दीपिका मिश्रा वीरता पुरस्कार पाने वाली भारतीय वायु सेना की पहली महिला अधिकारी बन गईं। वायुसेना के प्रवक्ता के अनुसार, राजस्थान निवासी दीपिका मिश्रा हेलीकॉप्टर पायलट हैं। उन्हें मध्य प्रदेश में बाढ़ राहत अभियान के दौरान अदम्य साहसिक कार्य के लिए 'वायु सेना पदक' (वीरता) से सम्मानित किया गया।



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आऱ चौधरी ने यहां सुब्रतो पार्क में वायुसेना सभागार में आयोजित अलंकरण समारोह में कई अधिकारियों और वायु योद्धाओं को युद्ध सेवा पदक और अन्य पुरस्कार दिए। प्रवक्ता ने कहा कि वायुसेना के दो अधिकारियों को युद्ध सेवा पदक, 13 अधिकारियों और वायु योद्धाओं को वायु सेना पदक (वीरता), 13 अधिकारियों को वायु सेना पदक और 30 को विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किये गये। उन्होंने कहा कि कुल 58 व्यक्तियों को पुरस्कार प्रदान किया गया जिनमें से 57 वायुसेना से और एक सेना से है।

विंग कमांडर दीपिका मिश्रा के बारे में उन्होंने कहा कि वायुसेना के इतिहास में वीरता पुरस्कार पाने वाली वह वायुसेना की पहली महिला अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि सेवा के प्रति समर्पण के लिए वायुसेना से महिलाओं को पहले भी पुरस्कार प्राप्त हुए हैं लेकिन यह पहली बार है जब वायुसेना की किसी महिला अधिकारी को वीरता पुरस्कार मिला है।

भारतीय वायुसेना द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, दीपिका मिश्रा ने अगस्त 2021 में उत्तरी मध्य प्रदेश में मानवीय सहायता और अचानक आई बाढ़ के बाद आपदा राहत अभियान के दौरान अथक कार्य किया था। बचाव अभियान आठ दिनों तक चला और उन्होंने महिलाओं और बच्चों सहित 47 लोगों की जान बचाई। अधिकारियों ने कहा कि उनके बहादुरीपूर्ण और साहसिक प्रयासों ने न केवल प्राकृतिक आपदा में कीमती जान बचाईं, बल्कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना भी पैदा की।